and some matters of common interest were discussed.

**श्री कृष्ण चन्द्र पांडे** : क्या मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि इस तरह के जो डेलीगेशन अपने देश में आते हैं, उनसे अपने देश को क्या सामाजिक लाभ होता है ?

**श्री सुरेन्द्र पाल सिंह** : यह तो मामूली बात है कि जब विदेशों से यहां डेलीगेशन आते हैं, या हमारे डेलीगेशन दूसरे देशों में जाते हैं, तो उससे हमेशा दोनों मुल्कों में दोस्ती और सम्बन्ध बढ़ते हैं। इसीलिए विदेशों से डेलीगेशन्ज को यहां बुलाया जाता है।

**श्री कृष्ण चन्द्र पांडे** : अपने यहां से इस तरह के जो डेलीगेशन विदेशों में जाते हैं, क्या वे अपने देश की सामाजिक और आर्थिक स्थिति और अपने सिद्धान्तों को वहा की सरकारों और लोगों को बताते हैं ; अगर हा, तो क्या विदेशों के लोग उससे कहां तक प्रभावित होते है ?

**अध्यक्ष महोदय** : माननीय सदस्य ने टर्की के डेलीगेशन के बारे में पूछा है। जब आप विदेश जायेंगे, तो वहां पर आप का काफी मेल-मिलाप होगा।

**श्री कृष्ण चन्द्र पांडे** : मैं यह जानना चाहता हूं कि इस डेलीगेशन के आने से क्या प्रभाव पड़ा है।

**अध्यक्ष महोदय** : सवालों में ओपीनियन पूछना परमिसिबल नहीं है। वह डेलीगेशन आया और चला गया। मिनिस्टर साहब हर वक्त उनके साथ थोड़े ही रहे?—श्री बाजपेयी।

**श्री अटल बिहारी बाजपेयी** : अभी मंत्री महोदय ने कहा है कि तुर्की के प्रतिनिधि-मंडल के वापिस जाने का कारण यह था कि उनके देश में कुछ घटनायें घटी थीं। क्या उनका ध्यान तुर्की और पाकिस्तान के समाचार पत्रों में प्रकाशित इस समाचार की ओर गया है कि बंगला देश के सम्बन्ध में भारत सरकार ने जो नीति अपनाई है, तुर्की का प्रतिनिधि मंडल उसके विरोध में अपना रोष प्रकट करने के लिए यहां से जल्दी चला गया ?

**श्री सुरेन्द्र पाल सिंह** : यह पाकिस्तान का ख्याल होगा, या पाकिस्तान ने अपने अखबारों में कुछ ऐसा निकाला होगा। लेकिन जहां तक टर्की के डेलीगेशन का सवाल है, उन्होंने किसी स्टेज पर हमसे यह नहीं कहा कि उनके वापिस जाने की वजह बंगला देश की बातें हैं। उनके मुल्क में कुछ घटनायें घटीं, इसलिए वे वापिस चले गये।

**श्री अटल बिहारी बाजपेयी** : क्या किसी स्टेज पर उन्होंने यह कहा कि हम इसलिए वापिस जा रहे हैं कि हमारे देश की घटनाओं ने हमें वापिस बुलाया है ?

**श्री सुरेन्द्र पाल सिंह** : उन्होंने हमसे यही कहा था कि उनके मुल्क में कुछ ऐसी घटनायें घटी हैं, इसलिए उनका वापिस जाना आवश्यक है और इसलिए वे जा रहे हैं।

**श्री नवल किशोर शर्मा** : जो डेलीगेशन टर्की से यहां आया था, क्या उससे भारत सरकार ने बंगला देश के बारे में कोई चर्चा की ; यदि हां, तो इस बारे में उसका रीएक्शन क्या था ?

**श्री सुरेन्द्र पाल सिंह** : यह डेलीगेशन अनआफिशल था। उसकी सरकार से किसी किस्म की बातें नहीं हुई। वे यहां आने के बाद कुछ अफसरों से मिले, जिसके दौरान दोनों मुल्कों के आपसी सम्बन्धों की बातें जरूर हुई होंगी। मेरे लिए यह कहना मुश्किल है कि यह विषय उनके सामने रखा गया या नहीं।

### पेट्रोल में मिट्टी के तेल की मिलावट

*630. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश के विभिन्न भागों में विशेष रूप से मध्य प्रदेश में पेट्रोल पम्पों पर पेट्रोल में मिट्टी का तेल मिलाया जाता है ;

(ख) क्या पेट्रोल में मिट्टी के तेल की मिलावट के परिणाम स्वरूप मोटर गाड़ियों में अनेक खराबियां पैदा हो जाती हैं ; और

(ग) इस मिलावट को रोकने हेतु सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND CHEMICALS (SHRI DALBIR SINGH) : (a) No, Sir.

(b) and (c). Do not arise in view of answer to part (a) of the question.

**श्री हुकम चंद कछवाय** : पिछली बार लोक सभा में यह सवाल आया था और उस समय माननीय राज्य मंत्री ने यह स्वीकार किया था कि हमें ऐसी कुछ सूचनायें मिली हैं कि पेट्रोल पम्पों पर पेट्रोल में मिट्टी का तेल मिलाया जाता है । जब एक मिनिस्टर स्वीकार करते हैं और दूसरे मिनिस्टर इन्कार करते है, तो क्या उनका आपस में ताल-मेल नहीं है और क्या आपस में पूछ कर यह उत्तर नहीं दिया गया है ? मैं यह जानना चाहता हूं कि देश के अधिकतर स्थानों पर ऐसी जो घटनायें हो रही हैं, उनको समाप्त करने के लिए सरकार क्या कदम उठाने जा रही है । क्या सरकार ने इस तरह की घटनाओं के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर ली है ?

**पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री पी० सी० सेठी)** : ताल-मेल तो बराबर है । केवल माननीय सदस्य ने उसको थोड़ा सा ठीक से समझा नहीं है । मैंने कहा था कि कैरोसीन का मिक्स्चर हाई-स्पीड डीजल के साथ किया जाता है, न कि मोटर स्पिरिट के साथ । मोटर स्पिरिट के साथ कुछ सालवेंट्स का मिक्स्चर किया जाता है, और इसीलिए फिनांस मिनिस्ट्री ने इस वर्ष उस पर 800 रुपये की ड्यूटी बढ़ा दी है, ताकि वह मिक्स्चर की प्राबलम खत्म हो जाये । कैरोसीन और हाई-स्पीड डीजल आयल का मिक्स्चर जरूर हो रहा है । इस बारे में नैशनल कौंसिल आफ एप्लाईड इकानोमिक रिसर्च ने अन्वेषण भी किया है और उसकी जानकारी के अनुसार करीब 25 से 30 परसेंट के करीब मिलावट हो रही है ।

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : जिन नगरों में रेल द्वारा पेट्रोल लाया जाता है, वहां बहुत कम मात्रा में मिट्टी का तेल मिलाया जाता है, लेकिन जिन स्थानों पर मोटर के द्वारा ही पेट्रोल सप्लाई किया जाता है, जो स्थान रेलवे लाइन से काफी दूर हैं, वहां बहुत बड़ी तादाद में इस तरह की घटनायें होती हैं । क्या सरकार इस बारे में आवश्यक उपाय करेगी कि इस प्रकार की घटनाओं की ठीक तरह से रोक-थाम की जाये और पेट्रोल पम्पों से सैम्पल लेकर उनकी जांच कराई जाये ?

**श्री पी० सी० सेठी** : मैंने पहले इस बात को खुलासा कर दिया है कि मोटर स्पिरिट में कैरोसीन मिलाना सम्भव नहीं है, क्योंकि उस से मोटर स्पिरिट का ठीक से पूरा उपयोग नहीं किया जा सकता है । मैंने स्वीकार किया है, और यह बात सही है, कि कैरोसीन का मिक्स्चर हाई-स्पीड डीजल के साथ किया जाता है और उसको रोकने की पूरी कोशिश की जा रही है । हाल ही मैंने सब राज्यों के मुख्य मंत्रियों को इस सम्बन्ध में निवेदन किया है । इसके अलावा हम कैरोसीन में एक ऐसे सालवेंट का प्रयोग करने का विचार कर रहे हैं, जिससे स्पाट पर ही उसका निरीक्षण किया जा सके । इस समय उसके निरीक्षण और जांच के लिए एक दो ही लैबारेटरीज हैं इसलिए स्पाट पर उसका निरीक्षण नहीं हो पाता है । कोशिश की जा रही है कि स्पाट पर ही उसका निरीक्षण और जांच की व्यवस्था की जाये ।

**श्री हुकम चन्द कछवाय** : मैं अपनी जानकारी के आधार पर कहना चाहता हूं कि बहुत बड़ी मात्रा में तेल मिलाकर पेट्रोल सप्लाई किया जाता है। मुझे चुनाव में इसका अनुभव है।

**श्री एस० एम० बनर्जी** : इसी लिए बहुत से लोग चुनाव हार गये।

SHRI K. MALLANNA : This adulteration is going on in diesel also. The dealer in the Indian Oil Co., in Bangalore and Tumkur in Mysore State is mixing it with kerosene oil. He is also dealer in kerosene. The mixture not only spoils the motor vehicles, but also spoils the atmosphere by smoke. He also raised the rate of diesel. What is the-action taken or likely to be taken by the Government ?

SHRI P. C. SETHI : He is referring to some dealer. If the complaint is given to me, I shall get it examined.

**श्री नरेन्द्र कुमार साल्वे** : मध्य प्रदेश मे पेट्रोल में मिलावट होती है। मंत्री महोदय ने कहा है कि पेट्रोल में कैरोसीन नही मिलाया जाता है। तो क्या कैरोसीन में पेट्रोल मिलाया जाता है? मिलावट तो होती है और वह पेट्रोल हमें बेचा जाता है।

MR. SPEAKER : He has replied to the question earlier. You came a little late.

SHRI N. K. P. SALVE : I have been here all the while, I assure you. He says that kerosene cannot be adulterated with petrol. May I know whether it is the other way round ? Petrol is adulterated with kerosene and that is being sold to be utilised in our cars and our jeeps in our elections and we have won.

MR. SPEAKER: That matter is over now.. (*Interruptions*)

SHRI P. C. SETHI : If one wants, one can mix it in that manner but the main question is whether technically it would be the correct thing to do. So far we have not received any complaint about this type of adulteration, that kerosene is being mixed with motor spirit, because after the mixture of kerosene with motor spirit, it is completely unfit for use in the motor vehicles.

SHRI N. K. P. SALVE : You must protect us, Sir. He says that technically it is possible. The question is whether complaints had been received and whether action had been taken. I want to know whether there is adulteration of petrol with kerosene.

MR. SPEAKER : He has already answered it. I shall call a second round. Shri Samanta.

**Smuggling of Petrol from Indian Territory to Bangla Desh**

*601. SHRI S. C. SAMANTA on behalf of SHRI SUBODH HANSDA :

Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS be pleased to state :

(a) whether Government are aware that petrol is being smuggled to Bangla Desh from Indian territory for the benefit of Pak Army ; and

(b) whether Government will make an enquiry into this matter, particularly in the areas of Purnea District of Bihar and its adjacent areas where the petrol pumps are located ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND CHEMICALS (SHRI DALBIR SINGH) : (a) No information or instance of smuggling of this type has been reported, so far.

(b) Does not arise in view of answer to part (a) of the question.

SHRI S. C. SAMANTA : Is it not a fact that the pipeline which has been contructed from Haldia to Barauni and Allahabad was tampered with at some place and the petrol was being taken to Bangla Desh ?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS (SHRI P. C. SETHI) : It is a very long pipeline and there were some instances of pilferage. Apart from the police protection, the Indian Oil Corporation has